# राष्ट्रीय सेवा योजना उन्मुखी कार्यक्रम

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, के अंतर्गत पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में दिनांक 31.08.2019 को महाविद्यालय सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना उन्मुखी कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर के अधिष्ठाता डॉ. राजेश कुमार शर्मा, ने छात्रों को निस्वार्थ भाव से जीव सेवा हेतु प्रेरित किया, एवं राष्ट्रीय सेवा को सर्वोपरि बताया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के 100 स्वयं सेवक उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर डॉ. सुनील देशपांडे एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. नरेन्द्र कोष्ठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवेन्द्र गुप्ता ने महाविद्यालय में होने वाली राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत होने वाली गतिविधियों के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. आदित्य मिश्रा एवं डॉ. अरूण मोर्य ने किया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी

ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर